## एक नजर में

### मोगलपुरा में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**पटना सिटी**: खाजेकलां थाना क्षेत्र के मोगलपुरा टीओपी के प्रभारी चुन्नू कुमार के नेतृत्व में गश्ती पुलिस टीम ने एक युवक को पिस्टल, मैगजीन व गोली के साथ गिरफ्तार किया। डीएसपी–2 डा. गौरव कुमार ने बताया कि मोगलपुरा लाल मंदिर के समीप मोगलपुरा निवासी गोपाल दास के पुत्र गौतम कुमार को एक देसी पिस्टल, मैगजीन व दस गोली के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।(जासं)

### सिटी के दो थाना क्षेत्रों से तीन बाइक चोरी

**पटना सिटी**: अनुमंडल के दो थाना क्षेत्रों से तीन बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आलमगंज थाना क्षेत्र के पठान टोली निवासी सुफियान खान ने बताया कि घर के समीप से ही बाइक चोरी हो गई। इसी थाना क्षेत्र के लोहरवा घाट निवासी मोहम्मद आमिर अख्तर ने बताया कि गैराज से बाइक चोरी हो गई। नया टोला में रहने वाले अभिजीत कुमार ने बताया कि सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ला कालेज गेट के समीप से बाइक चोरी हो गई। तीनों मामले दर्ज कर पुलिस चोरी हुई बाइक को खोजने की बात कह रही है। (जासं)

### मालसलामी में दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

**पटना सिटी** : मालसलामी थाना क्षेत्र के नखासपिंड़ निवासी स्वीटी कुमारी ने पति राकेश कुमार समेत ससुराल पक्ष के अन्य स्वजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी करा कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने पति, ससुर, सास, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद समेत अन्य पर प्रताड़ना की प्राथमिकी हुई है। महिला ने पुलिस को बताया कि ससुराल पक्ष के लिए नैहर से पांच लाख रुपये की मांग करते हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि ससुराल पक्ष के लोगों ने स्त्री धन को हड़प लिया है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी के बाद छानबीन जारी है। (जासं)

### बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपट हुए फरार

**पटना सिटी**: दीदारगंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश एक व्यक्ति से मोबाइल झपट कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि बाईपास थाना क्षेत्र के महादेव स्थान निवासी मुकेश कुमार ने झपटमारी की सूचना दी है। पीड़ित ने बताया कि वे गांव से नालंदा जा रहा था। सुकुलपुर के समीप एक बाइक सवार दो बदमाश ओवरटेक कर आगे बढ़े व मोबाइल झपट कर भाग निकले। प्राथमिकी के बाद पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं ताकि मोबाइल छीनने वालों की पहचान हो सके।

# दो बाइक की टक्कर के बाद ट्रक की चपेट में आकर तीन मरे

## शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के समीप दनियावां–बिहटा–सरमेरा पथ (एसएच–78) पर दुर्घटना, तीन लोग घायल

**सड़क हादसा**

**दनियावां**: शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के समीप मंगलवार की देर शाम दनियावां–बिहटा–सरमेरा पथ (एसएच–78) पर दो बाइक सवारों के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार वाहन समेत सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर गिरे दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया और लगभग पचास फीट तक घसीटता चला गया। घटनास्थल पर दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हादसे में बाइक पर सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए मसाढ़ी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के नगीना टोला निवासी 35 वर्षीय शंकर चंद्रवंशी तथा धनरुआ थाना



सड़क दुर्घटना में मृतकों के रोते बिलखते स्वजन • जागरण



मृतक शंकर और सूरज। फाइल फोटो

क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी राम प्रवेश केवट के 25 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान सूरज कुमार के रूप में हुई है, जिसने पीएमसीएच में इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। सूरज कुमार रिश्ते में शंकर चंद्रवंशी का साला बताया गया है। बताया जाता है कि रवि कुमार बाइक से शिवचक गांव स्थित अपने ससुराल से घर लौट रहा था, जबकि शंकर चंद्रवंशी बेलदारीचक की ओर से आ रहा था। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा प्रारंभ कर दिया। दनियावां, शाहजहांपुर और गौरीचक थाना की पुलिस के साथ फतुहा एसडीपीओ 2 संजीव कुमार ने ग्रामीणों को समझाकर सड़क जाम हटाया। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## कार से कुचल कर बच्ची की मौत, दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी**: अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी के समीप बुधवार को तेज गति से जा रही कार से कुचल कर पांच वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। आक्रोशित नागरिकों ने हंगामा किया। दुर्घटना के बाद कार छोड़ कर चालक भाग गया। भीड़ ने कार पर सवार दो लोगों की पिटाई कर दिया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आक्रोशितों को समझा कर पुलिस ने स्थिति को सामान्य कराया। बच्ची कुछ सामान लाने के लिए घर से निकली थी।

घटना स्थल पर मौजूद नागरिकों ने बताया कि बुधवार को दिन में पहाड़ी के समीप तेज गति से जा रही कार की टक्कर से पांच साल की बच्ची काफी दूर जाकर गिरी। दुर्घटना के बाद कार चालक भाग गया। भीड़ ने कार को घेर कर तोड़फोड़ की और उस पर सवार दो लोगों की पिटाई कर दी। दुर्घटना की सूचना पाते ही अगमकुआं व



दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार को घेरे भीड़ व पुलिस • जागरण

यातायात थाना की पुलिस पहुंची। कार सवार लोगों को पुलिस भीड़ के बीच से सुरक्षित निकाल कर थाना ले गयी।

आक्रोशित नागरिकों को समझा कर पुलिस ने मामले को शांत कराया। यातायात थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि मृतक बच्ची की पहचान मोहम्मद फैयाज हसन की पांच वर्षीया पुत्री गुनाज परवीन के रूप में हुई है। मूलतः स्वजन मधुबनी के विशनपुरा थाना कुमार खंड के निवासी हैं। यहां पर स्वजन बड़ी पहाड़ी में किराये के मकान में रहते हैं।

यातायात थाना पुलिस ने बताया कि कार पर सवार दो लोगों ने किराए पर कार लिया था। चालक सवारी को कार में छोड़ कर भाग गया। मृतक के पिता के बयान पर प्राथमिकी करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर महिला को पीटने के आरोप में 21 पर केस

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी**: मालसलामी थाना क्षेत्र के जमुनापुर में बच्चा चोरी की अफवाह फैला कर भीड़ द्वारा एक महिला की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने एक को नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की है। मालसलामी थाना पुलिस ने बताया कि जमुनापुर में कुछ लोगों द्वारा एक महिला के बारे में बच्चा चोर की अफवाह फैला कर उसकी जमकर पिटाई करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से महिला को निकाल इलाज के लिए पहले श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल व बाद में एनएमसीएच भेजा। पुलिस ने बताया कि छानबीन में यह बात सामने आई कि जमुनापुर में जिस महिला के साथ मारपीट की गई है वह विक्षिप्त है। कूड़ा चुन कर उसे बेचने से मिलने वाले पैसों से जीवन यापन करती है। लोगों ने अफवाह फैलाकर महिला की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में जमुनापुर निवासी निरंजन कुमार तथा 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी की गई है। मारपीट में शामिल आरोपितों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है।

## दानापुर में गैराज और वाशिंग सेंटर में आग से कई कारें जलीं

**संवाद सहयोगी जागरण • दानापुर**: होली की सुबह रूपसपुर थाना क्षेत्र के नहर रोड स्थित एक गैराज और वाशिंग सेंटर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई। देखते ही देखते, आग ने पूरे गैराज और वाशिंग सेंटर को अपनी चपेट में ले लिया। गैस से उठती आग और धुएं के गुब्बार ने आसपास के इलाके में दहशत फैला दी। लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए, लेकिन आग की तीव्रता को देखकर उन्होंने अग्निशामक विभाग को सूचित किया।अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर



अगलगी में जलीं कारें • जागरण

काबू पाया गया, तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। कृषिमंत्री और विधायक राम कृपाल यादव भी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। गैराज के मालिक बसंत कुमार ने बताया कि होली की सुबह वह घर पर सो रहे थे, तभी स्थानीय लोगों ने उन्हें आग की सूचना दी।

## सीआरपीएफ जवानों और ग्रामीणों में झड़प

**संवाद सूत्र, जागरण • मोकामा**: सीआरपीएफ जवानों और ग्रामीणों में दो दिनों तक झड़प हुई। पेट्रोल बम, रोड़ेबाजी, लाठी चार्ज और अश्लील फब्तियों की हुई घटना के बाद तनावपूर्ण माहौल को आइजी और बाढ़ एसडीपीओ ने मात्र दो घंटे में सुलह करा एक बड़े विवाद पर पूर्ण विराम लगा दिया। सीआरपीएफ जवानों और औंटा के ग्रामीणों में विवाद की शुरुआत होलिका दहन की शाम से हुई। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ की आवासीय मगध विहार कालोनी के पास कुछ युवक शराब और गांजा का सेवन कर रहे थे और जवानों की महिलाओं पर फब्तियां भी कस रहे थे। सीआरपीएफ के दो जवानों ने जब नशा का सेवन कर रहे युवकों को फब्तियां कसने से रोका तो युवकों ने जवानों की



विवाद के बाद पहुंचे सीआरपीएफ के अधिकारी व मौजूद ग्रामीण • जागरण

पिटाई कर दी। दूसरे जवानों में इस घटना के बाद आक्रोश फैल गया और आरोप है कि सीआरपीएफ जवानों ने घर में घुसकर महिलाओं की लाठी से पिटाई कर दी और घरों में तोड़–फोड़ भी की। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों और महिलाओं ने मगध विहार कालोनी पर पेट्रोल बम से हमला किया और रोड़े भी बरसाए। ग्रामीणों के इस हमले में सीआरपीएफ की पांच महिलाएं मामूली रूप से जख्मी हो गईं। सीआरपीएफ आइजी राजकुमार, डीआइजी रविंद्र भगत, बाढ़ एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह, मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने ग्रामीणों के साथ दो घंटे तक वार्ता की। इस वार्ता में दोनों पक्षों की सहमति के बाद मामले का शांतिपूर्ण हल कर दिया गया।

### समाचार सार

### कर्मयोगियों ने साथी की मां को दी श्रद्धांजलि

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी**: पत्र पत्रिका जागरूक हाकर संघ पटना सिटी के त्रिपोलिया सेंटर के वरिष्ठ कर्मयोगी शत्रुघ्न कुमार की 76 वर्षीया माता चिंता देवी के निधन पर संघ ने चौक सेंटर पर मनोज कुमार की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्मयोगी बंधुओं ने इस बार होली मिलन समारोह नहीं मनाया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रामनारायण चंद्रवंशी, विजय, जमाल, बजरंगी, राजेश गोप, धीरज कुमार उर्फ चिंटू, अजय, संजय, पशुपति नाथ, बबलू सिंह, राकेश, धर्मवीर, संजय कसेरा, वीर बहादुर, रंजन, गणेश, विकास समेत अन्य थे।



चौक सेंटर पर श्रद्धांजलि देते कर्मयोगी। सौ.कर्मयोगी

### फतुहा में गांजा के साथ सात तस्कर धराया

**संसू जागरण• फतुहा**: नदी थाना ने कच्ची दरगाह से बनकाघाट स्टेशन जाने वाली सड़क में एक मकान में छापेमारी कर वहां से करीब ढाई किलो गांजा के साथ सात गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। कच्ची दरगाह बाजार से कच्ची दरगाह निवासी शराब तस्कर छोटू एवं राहुल कुमार हैं। वहीं गांजा तस्करों की पहचान कंचन कुमार, पीयूष कुमार, चिंटू कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार एवं रणधीर कुमार के रूप में हुई। इस बात की पुष्टि नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने की।

### पांच सौ लीटर शराब जब्त गांजा समेत महिला गिरफ्तार

**जासं, पटना सिटी**: मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के बेलदारी टोला में डीएसपी–2 डा. गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छोटेलाल चौहान के खपरैलनुमा मकान से 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। मेहंदीगंज थाना पुलिस एक महिला को एक किलो 560 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। चौक थाना पुलिस ने आटो पर लदी पांच बोरियों से 210 लीटर देसी शराब बरामद किया। आटो जब्त कर लिया गया। मालसलामी थाना पुलिस ने दो स्कूटी पर लदी 250 लीटर देसी शराब जब्त किया।

### एनएमसीएच को मिला लक्ष्य का प्रमाण पत्र

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी** : नालंदा मेडिकल कालेज अस्पताल के मदर एंड चाइल्ड होस्पिटल स्थित प्रसव कक्ष एवं प्रसूति सेवा में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए लक्ष्य (लेबर रूम क्वालिटी इंप्रूवमेंट इनीशिएटिव) का प्रमाण पत्र दिया गया है। यह जानकारी गुरुवार को उपाधीक्षक डा. राजीव रंजन सिंहा ने दी। उन्होंने बताया कि दिसंबर में हुए नेशनल लेवल एक्सटर्नल असेस्मेंट के बाद एनएमसीएच को गुणवत्ता का प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर पर मिला है। प्रसव कक्ष की गुणवत्ता के साथ अस्पताल में नवजात की समुचित देखभाल एवं इलाज की व्यवस्था बेहतर है।

### नदी किनारे मिला शव हत्या की जताई आशंका

**संसू जागरण • फतुहा**: डुमरी गांव में एक युवक का शव पुनपुन नदी किनारे से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है। मृतक की पहचान 31 वर्षीय शत्रुघ्न पासवान के रूप में हुई, जो डुमरी गांव के निवासी शैलेन्द्र पासवान का दामाद है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुनपुन नदी का पानी इतना गंदा है कि इसमें स्नान करना संभव नहीं है। मृतक के परिवार ने हत्या की आशंका जताई है। फतुहा थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी और शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है।

## सराफा व्यवसायी के मकान पर फायरिंग

- बदमाशों ने व्यवसायी चंद्रभूषण प्रसाद के घर को बनाया निशाना
- गश्ती दल ने थाने को आवेदन देने की बात कह पल्ला झाड़ा

**संवाद सहयोगी, जागरण • मसौढ़ी**: स्थानीय मेन रोड निवासी सह शहर के प्रसिद्ध सर्राफा व्यवसायी चंद्रभूषण प्रसाद के मकान पर गुरुवार की शाम आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने पत्थरबाजी कर तीन फायरिंग की। पत्थरबाजी से मकान की दो खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। फायरिंग से दहशत में रहे परिवार का कोई सदस्य बाहर निकलने का साहस नहीं कर सका। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका था। मिली जानकारी के मुताबिक सराफा व्यवसायी चंद्रभूषण प्रसाद ने अपने मकान के अगले हिस्से में सोना–चांदी की एक दुकान कर रखी है। उनके मकान का अगला हिस्सा मेन रोड में और पिछला हिस्सा बढ़ई टोला में पड़ता है। गुरुवार की शाम छह– सात बदमाश मेन रोड के गलियारे से चंद्रभूषण प्रसाद के मकान के पिछले हिस्से के पास पहुंचे और उनके मकान के पिछले हिस्से पर पत्थरबाजी की जिससे मकान की दो खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बदमाशों ने तीन फायरिंग भी की। करीब बीस मिनट तक बदमाश वहां जमे रहे। चंद्रभूषण प्रसाद ने घटना के दौरान अपने मकान से थोड़ी दूर पर रहे पुलिस गश्ती दल को घटना की जानकारी दी। लेकिन गश्ती दल ने थाना को आवेदन देने की सलाह दे मौके पर जाने से मना कर दिया। बाद में उन्होंने थानाध्यक्ष को घटना की सूचना दी।

### शराब के साथ होमगार्ड का रिटायर्ड जवान पकड़ा गया

**खुसरूपुर**: गुरुवार को खुसरूपुर थाना की पुलिस ने दस लीटर देसी शराब के साथ एक रिटायर्ड होमगार्ड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बाढ़ निवासी अर्जुन यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह स्टेशन रोड के पास पिट्ठू बैग में शराब लेकर कहीं डिलीवरी करने जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को उस पर शक हुआ और जांच के लिए बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से करीब दस लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।




### पांच लाख रंगदारी मांगने के आरोप में दो नामजद

**जागरण संवाददाता, पटना सिटी**: बहादुरपुर थाना में फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर संचालक चंदन कुमार ने कार्यालय में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ करने एवं पांच लाख रंगदारी मांगने की प्राथमिकी करा कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में बहादुरपुर हाउसिंग कालोनी के सूरज कुमार व भूतनाथ रोड निवासी उपेंद्र कुमार को आरोपित किया है। केंद्र संचालक ने पुलिस को बताया है कि दोनों अभियुक्त बाजार समिति स्थित कार्यालय में चाकू व पिस्टल लेकर पहुंचे। दोनों ने मारपीट और चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। उसके बाद 20 हजार रुपये लेकर चले गये। पुलिस ने बताया कि संचालक ने अभियुक्तों के खिलाफ पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने, मारपीट व धमकी की प्राथमिकी करायी है। मामले की छानबीन पुलिस कर रही है।

**SBI तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा II, कोलकाता**
'जीवनदीप बिल्डिंग', 10वीं मंजिल, 1, मिडलटन स्ट्रीट, कोलकाता – 700071, ईमेल: sbi.18192@sbi.co.in

**ई–नीलामी सूचना**

प्राधिकृत अधिकारी का विवरण: नामः सुरेश चंद्र पांडा, ईमेल आईडी: clo1.samb2kol@sbi.co.in, मोबाइल नं.: 9810562803,
लेनदेन अधिकारी का नामः बिप्लब कुमार बिस्वास, सीओ, मोबाइल नं.: 9674719435

परिशिट IV-A
[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी

**ई–नीलामी की तिथि एवं समय: 24.03.2026**
समयः सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, प्रत्येक बोली के लिए 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका विनिर्मित कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है, को **24.03.2026 को "जैसा है, जहां है", "जैसा है वैसा है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि **30.08.2015** तक सुरक्षित लेनदार को देय **रु. 26,14,90,854.30 (रु. छब्बीस करोड़ चौदह लाख नब्बे हजार आठ सौ चौवन रुपये और पैसे तीस मात्र)** और 31.08.2015 से ब्याज, लागत, शुल्क और व्यय की वसूली की जा सके। यह वसूली उधारकर्ता **मेसर्स स्टारशाइन निर्माण प्राइवेट लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय कमरा नंबर 1109, 11वीं मंजिल, ओम टावर, 32 चौरंगी रोड, कोलकाता– 700 071 (पश्चिम बंगाल) और **निदेशक एवं गारंटर (1) श्री विकाश कुमार अग्रवाल, पिता श्री धन कुमार अग्रवाल**, पटना केमिकल वर्क्स कंपाउंड, पटना सिटी, पटना, बिहार, पिन–800 008 में रहते हैं। **(2) श्रीमती स्मिता अग्रवाल, पति श्री विकास कुमार अग्रवाल,** निवासी पटना केमिकल वर्क्स कंपाउंड, 95 केएच, मोगलपुरा, पटना शहर, पटना, बिहार, पिन– 800 008 **(3) श्री दीपक कुमार अग्रवाल, पिता श्री धन कुमार अग्रवाल**, निवासी रतनलाल बिल्डिंग, खारिदा मेन रोड, खड़गपुर, जिला पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल 721303 **(4) मेसर्स बालमुकुंद पॉलीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड** (कॉर्पोरेट गारंटी), जिसका पंजीकृत कार्यालय कमरा संख्या 1109, 11वीं मंजिल, ओम टावर, 32 चौरंगी रोड, कोलकाता 700 071 (पश्चिम बंगाल) में है **(5) मेसर्स गंगा प्लास्टिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** (कॉर्पोरेट गारंटी), जिसका पंजीकृत कार्यालय पटना केमिकल वर्क्स कंपाउंड, मोगलपुरा, पटना शहर, पटना, बिहार, पिन– 800 008 (बिहार) में है से की जाएगी।

| ज्ञात भारों सहित अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | ए) आरक्षित मूल्य बी) बयाना राशि (ईएमडी) |
|---|---|
| 1 एकड़ 77 डेसिमल (56 कट्ठा 12 धुर 16 धुरकी, 77101.20 वर्ग फुट) का खाली भूभाग, जो मौजा– सिमली मुरारपुर (एन.एच. के दक्षिण में), सर्वे थाना– पटना सिटी (मलसलामी), थाना– दीदारगंज, उप–पंजीकरण कार्यालय– पटना सिटी, जिला पंजीकरण कार्यालय और जिला– पटना (बिहार), थाना संख्या– 38, पटना सदर में स्थित है। वर्तमान जमाबंदी संख्या – 809, पृष्ठ संख्या 1128, कम्प्यूटरीकृत जमाबंदी संख्या 21214000189452, मेसर्स गंगा **प्लास्टिक प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** के नाम पर पंजीकृत है, जिसका **पंजीकरण विलेख संख्या 458 दिनांक 09.01.2013** को पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 10, पृष्ठ संख्या 157 से 172, क्रमांक पर हुआ था। क्रमांक 476, सी.डी. खंड संख्या 2/वर्ष 2013 में कुल 16 पृष्ठों में संरक्षित, पंजीकरण अधिकारी, पटना। (i) तौज़ी संख्या 670, खाता संख्या 1005, कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1706, **क्षेत्रफल– 88 डेसिमल। चौहद्दी:** उत्तरः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1780, 1781, दक्षिणः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1792, पूर्वः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1761, 791, पश्चिमः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1704, 1705। (ii) तौज़ी संख्या 670, खाता संख्या 1005, कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1792, **क्षेत्रफल–89 डेसिमल। चौहद्दी:** उत्तरः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1706, दक्षिणः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1793, पूर्वः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1791, पश्चिमः कैडेस्ट्रल सर्वे खेसरा संख्या 1703, 1704। **भारः ज्ञात नहीं।** | ए) 8,07,00,000.00 रुपये बी) 80,70,000.00 रुपये |
| **संपत्ति निरीक्षणः दिनांकरू 18.03.2026, दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक** | बोली वृद्धि राशिः 1,00,000.00 रुपये |

नीलाम की जाने वाली संपत्ति के विवरण और बिक्री के नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया भारतीय स्टेट बैंक (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट https://sbi.bank.in/ और नीलामी संचालक की वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें।

दिनांकः 06.03.2026
स्थानः कोलकाता

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक

### पढ़ाने निकली युवती लापता

**पटना सिटी**: मालसलामी थाना क्षेत्र में घर से स्कूल पढ़ाने निकली युवती के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि घर से स्कूल में पढ़ाने के लिए निकली युवती विद्यालय पहुंची ही नहीं। पुलिस ने बताया कि स्वजनों ने मालसलामी थाना क्षेत्र के सावरचक हाता निवासी आदित्य राज पर बहला–फुसलाकर शादी की नीयत से अगवा करने की प्राथमिकी कराई है।

### बदमाशों ने ई रिक्शा चालक समेत स्वजन की पिटाई की

**संसू जागरण फतुहा**: नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत समसपुर जफराबाद मोहल्ले बदमाशों ने एक ई रिक्शा चालक को उसके दरवाजे के समीप ही मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जब मां और बहन बचाने पहुंची तो बदमाशों ने उनदोनों को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने घायलों को फतुहा अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया। पीड़ित मनोज सिंह ने इस बात की लिखित शिकायत नदी थाना में की है।

### बंद घर से लाखों की चोरी

**संसू जागरण फतुहा**: स्टेशन रोड में एक बंद घर से लाखों रुपये के सोने–चांदी के जेवरात तथा नगदी रुपये चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। शिवचक गांव निवासी सुनील कुमार, वर्तमान में स्टेशन रोड पर एक किराए के मकान में रहते हैं। घर में रखा एक जोड़ा सोने का झुमका, चांदी का पायल तथा बक्से से साठ हजार रुपये गायब हैं। किराएदार अब्दलालपुर गांव निवासी भरत चौधरी के कमरे से भी पचास हजार रुपये गायब हैं।